लोकतंत्र की आत्मा है - संवाद

# हरियाणा संवाद

पाक्षिक : 16 - 30 सितंबर, 2023 www.haryanasamvad.gov.in अंक - 74

"दूसरों की निंदा करने में अपना समय बर्बाद न करें।"

: शेक्सपियर



जन संवाद मौके पर सुनवाई और तुरंत समाधान 3



साइक्लोथॉन रैली के जरिए प्रदेशभर में जगाई अलख 5



प्रगति का आधार, अच्छे संस्कार 8

# समूचा संसार एक परिवार




विशेष प्रतिनिधि

नई दिल्ली प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनियाभर के दिग्गजों का गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेशी मेहमान इस आवभगत से भाव-विभोर हो गए।

उल्लेखनीय है कि सम्मेलन के पहले ही दिन साझा घोषणा पत्र पर सहमति बन गई। घोषणा पत्र को तैयार करने में शेरपा की विशेष भूमिका रही जो संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ प्रशंसा के पात्र रहे। शेरपा की मदद से करीब 300 बैठकों के बाद यह घोषणा पत्र तैयार हुआ था।

दूसरे सेशन की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने बतौर अध्यक्ष जानकारी दी कि सभी सदस्य देशों की सहमति से नई दिल्ली घोषणा पत्र पाारित हो गया है। पत्र में वैश्विक मुद्दों के अलावा अनेक योजनओं का विस्तार से ज़िक्र किया गया।

घोषणा पत्र में यूक्रेन जंग का चार बार जिक्र हुआ जिस पर काफ़ी बहस के बाद सहमति बन पाई। इस विषय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से सकारात्मक माहौल बनाने में कामयाबी हासिल की। पहले सेशन में भारत ने अफ़्रीकन यूनियन को जी-20 का स्थाई सदस्य बनाने का प्रस्ताव रखा था। बतौर अध्यक्ष सभी देशों की सहमति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे पारित कर दिया। उन्होंने जैसे ही इस प्रस्ताव को पारित किया अफ़्रीकन यूनियन के अध्यक्ष अजाली असोमानी मोदी से गले मिले और उनका धन्यवाद किया। भारत के इस प्रस्ताव का चीन और यूरोपियन यूनियन ने भी समर्थन किया। यूनियन को यह सदस्यता मिलने से अफ़्रीका के 55 देशों को फ़ायदा होगा।

## स्वस्ति अस्तु विश्वस्यः मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन भाषण में कहा- संकट के इस समय में दुनिया हमसे नए समाधान मांग रही है। इसलिए हमें अपना हर दायित्व निभाते हुए आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद विश्व में विश्वास का संकट पैदा हो गया है। युद्ध ने इस संकट को और गहरा कर दिया। जब हम कोरोना को हरा सकते हैं तो आपसी चर्चा से विश्वास के इस संकट को भी दूर सकते हैं। ये सभी के साथ मिलकर चलने का समय है। 21वीं सदी का यह समय पूरी दुनिया को नई दिशा देने वाला है।

सम्मेलन के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा को सौंप दी। ब्राजील अगले साल होने वाली जी 20 सम्मेलन का आयोजन करेगा। मोदी ने संस्कृत भाषा में कहा- स्वस्ति अस्तु विश्वस्य! यानी संपूर्ण विश्व में आशा और शांति का संचार हो।

## घोषणा पत्र में यह रहा खास

» एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर ध्यान दिया जाएगा।
» सभी देश सतत विकास लक्ष्य पर काम करेंगे। भारत की पहल पर एक गठबंधन बनेगा।
» बायो फ्यूल एलायंस बनेगा जिसमें भारत, अमेरिका और ब्राजील संस्थापक सदस्य होंगे।
» बहुपक्षीय विकास बैंकों को मज़बूती दी जाएगी।
» क्रिप्टोकरेंसी को लेकर एक ग्लोबल पॉलिसी पर चर्चा होगी।
» गरीब देशों के कर्ज को लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने पर जोर दिया जाएगा।
» ग्रीन और लो कार्बन एनर्जी टेक्नोलॉजी पर काम किया जाएगा।
» आतंकवाद से निपटने के लिए एकमुश्त कारगर कदम उठाने पर जोर रहेगा।

# विदेशी मेहमानों ने देखी हरियाणा की विकास यात्रा



जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के क्रम में नूह में शेरपा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विदेशी मेहमानों ने शिरकत की। अरावली की तलहटी की हरी भरी वादियों के बीच हरियाणा की मेजबानी से विदेशी प्रतिनिधि काफी खुश नजर आए। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा तैयार लघु वृतचित्र के माध्यम से मेहमानों ने हरियाणा की विकास यात्रा और उपलब्धियों को देखा।

भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत के नेतृत्व में तीन दिनों तक लगातार 12 सत्रों में विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी ने दुनिया के हितों के लिए निष्पक्ष होकर प्रतिनिधित्व करने के संकल्प को दोहराया। भारत के नेतृत्व में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के जरिए विश्व में पर्यटन, विविध सांस्कृतिक समझ और परंपराओं को जी-20 सीमाओं से आगे ले जाने की वकालत की गई। इसमें संघीय, सामाजिक, कूटनीतिक, वैश्विक तथा आर्थिक मामलों जैसे प्राथमिकता वाले मुद्दों को सामने रखकर 'वसुधैव कुटुम्बकम' एक पृथ्वी, एक परिवार तथा एक भविष्य की संकल्पना को मूर्त रूप देने का कार्य किया गया।

मेहमानों को हरियाणा की समृद्ध परंपरा व संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिला। हर रोज़ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की अनेकता में एकता की तस्वीर प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आखिरी दिन मेहमानों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत वाद्ययंत्र ऑर्केस्ट्रा के माध्यम से संगीत की विविधता देखी।



विदेशी मेहमानों को हरियाणा का खान-पान भी खूब पसंद आया, जिसमें मिलेट्स यानी मोटे अनाज से बने व्यंजनों को प्रमुखता दी गई। सभी ने पूरा विश्व एक परिवार की भावना के साथ भारत के भिन्न-भिन्न प्रदेशों के व्यंजनों का जायका लिया। उनकी रुचि व खान-पान के अनुसार पकवान तैयार किए गए थे।

हरि की धरती हरियाणा पर विदेशी मेहमानों को पवित्र गीता के दिव्य संदेश के साथ-साथ भगवान श्री कृष्ण के 'विराट स्वरूप' को देखने का अवसर मिला। हरियाणा की शान समझी जाने वाली पगड़ी बांधकर मेहमान सेल्फी लेते नजर आए। भले ही वे हरियाणवी बोली को न समझ पाए हों लेकिन लोकगीतों की धुन व संगीत से इतने प्रभावित हुए कि अपने आप को थिरकने से नहीं रोक पाए और हरियाणवीं कलाकारों के साथ जमकर नाचे।





संपादकीय

## 'जन संवाद' के माध्यम से व्यवस्था-परिवर्तन

जनता से सीधा-संवाद, लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण पहलकदमी है। मुख्यमंत्री स्वयं 'जनसंवाद' को न केवल प्राथमिकता दे रहे हैं बल्कि इस बारे में प्रशासनिक ढांचे को पूरी गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वयं मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही जनसंवाद कार्यक्रमों में आई 19 हजार समस्याएं 'पोर्टल' पर डाल गई हैं। इनमें से 2,500 पूरी की जा चुकी हैं और 13 हजार की डीपीआर तैयार की जा चुकी हैं। जन संवाद में आने वाली सभी समस्याओं का रिकार्ड रख उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि विकास की यह प्रक्रिया अद्भुत है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए। सरकार के पास किसी भी कार्य के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। विकास कार्यों के लिए जिला परिषदें और पंचायतें अपने स्तर पर कार्य करें। कुछ कोष राज्य सरकार से भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर साल टैक्स-कलेक्शन बढ़ता रहा है और पिछले दस सालों में किए गए कार्यों के मुकाबले वर्तमान सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में दोगुने विकास कार्य करवाए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले केंद्र सरकार जो पैसे विकास के लिए भेजती थी उसमें से केवल 15 पैसे ही नीचे पहुंचते थे लेकिन वर्तमान में भेजा हुआ पूरा पैसा विकास कार्यों के लिए मिल रहा है। इसके लिए सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का कार्य किया है और अब लोगों को घर बैठे ही जनकल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं का भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का हक पहले गरीब को मिले ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का जीवन खुशहाल और समृद्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आज जन्म, मृत्यु रजिस्ट्रेशन के अलावा आय एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य स्वतः ही हो रहे हैं। इसके इलावा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड बनाने का कार्य भी पीपीपी के तहत एक बटन से किया जा रहा है।

-डा. चंद्र त्रिखा




महिलाओं से छेड़छाड़ करने वाले व महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने साफ़ कहा है कि अपराधी किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। साथ ही विदेश में बैठकर गैंग चलाने वाले अपराधियों को लेकर भी सुरक्षा एजेंसियां, एनआईए व अन्य एजेंसियों का तालमेल बना हुआ है और हर संभव कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके इलावा अब पुलिस को एक सप्ताह के अंदर शिकायतों को करना होगा निपटारा और इस बारे में लोगों से फीड बैक भी लिया जाएगा। साथ ही रोहतक व गुरुग्राम में 'पुलिस सेफ सिटी' के नाम से पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू कर रही है, प्रोजेक्ट के तहत महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक संगठित प्रयास किया जाएगा जिसमें उन्हें पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सुरक्षित आवागमन और शिक्षण संस्थानों व कार्यस्थल पर सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए रोहतक और गुरुग्राम में महिलाओं के लिए सेफ सिटी का प्रोजेक्ट चलाया जाएगा।

इस प्रोजेक्ट में महिलाओं को सुरक्षित पब्लिक ट्रांसपोर्ट देने का बंदोबस्त किया जाएगा, ताकि महिलाएं जब अपने शिक्षण संस्थान या कार्यस्थल पर जाए तो उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर कोई शंका न हो। इसके लिए पुलिस प्रशासन स्थानीय कैब यूनियन, ऑटो यूनियन व पब्लिक ट्रांसपोर्टर इत्यादि से तालमेल करके महिलाओं को सुरक्षित ट्रांसपोर्ट उपलब्ध करवाएगा। इसके साथ-साथ शिक्षण संस्थानों के बाहर सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा और सुरक्षा गार्ड की तैनाती भी सुनिश्चित की जाएगी।

संवेदनशील जगहों पर पुलिस पेट्रोलिंग भी बढ़ाई जाएगी। जिन स्थानों पर युवा व असामाजिक तत्व झुंड बनाकर खड़े रहते हैं उन स्थानों पर चिह्नित करके वहां पर पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी, छेड़छाड़ के मामलों पर एफआईआर दर्ज करके तुरंत कार्यवाही भी की जाएगी। महिला सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है और पुलिस का प्रयास रहेगा कि प्रदेश में महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करें। दोनों शहरों में 'सेफ सिटी' का कान्सेप्ट सफल होने पर इस मॉडल को पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में भी महिलाओं की सुरक्षा के लिए संवेदनशील जगहों को चिह्नित करके वहां भी पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी।

सलाहकार संपादक : डा. चंद्र त्रिखा
सह संपादक : मनोज प्रभाकर
स्टाफ राइटर : संगीता शर्मा
संपादन सहायक : सुरेंद्र बांसल
चित्रांकन एवं डिज़ाइन : गुरप्रीत सिंह
डिजिटल सपोर्ट : विकास डांगी

# बच्चों के विकास में प्राथमिक शिक्षा का विशेष महत्व: राष्ट्रपति

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हुए सत्यपाल



विशेष प्रतिनिधि

हर किसी के जीवन में प्राथमिक शिक्षा का सबसे ज़्यादा महत्व है। कई शिक्षाविद् बच्चों के संतुलित विकास के लिए 3-एच फॉर्मूले की बात करते हैं जिसमें पहला एच हार्ट यानी हृदय, दूसरा एच हेड यानी सिर और तीसरा एच हैंड यानी हाथ है। हृदय का संबंध संवेदनशीलता, मानवीय मूल्यों, चरित्र की मज़बूती और नैतिकता से है। सिर या मस्तिष्क का संबंध मानसिक विकास, तर्क शक्ति और पढ़ने से है और हाथ का संबंध शारीरिक कौशल और शारीरिक श्रम के प्रति सम्मान से है। ऐसे समग्र दृष्टिकोण पर बल देने से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होगा। यह विचार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में हुए शिक्षकों के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह के दौरान व्यक्त किए।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने रेवाड़ी के गांव आलियावास निवासी शिक्षक सत्यपाल सिंह को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया है। कर्मयोगी शिक्षक से विख्यात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुडोली के विज्ञान के शिक्षक इस वर्ष प्रदेश के इकलौते शिक्षक हैं, जो राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजे गए हैं।

राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षण पेशे में महिलाओं की भागीदारी को देखते हुए शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाली महिला शिक्षकों की संख्या अधिक होनी चाहिए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए इस वर्ष 50 स्कूल शिक्षकों, उच्च शिक्षा से जुड़े 13 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय से 12 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्यपाल सिंह सहित देशभर के शिक्षकों के साथ संवाद किया। सत्यपाल सिंह का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करके वह अपने वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और हमें नई ऊर्जा महसूस हुई है। यह पल मेरे लिए यादगार रहेगा। उनका कहना है कि विज्ञान को अधिक रोचक ढंग से पढ़ाया जाए तो बच्चों की इस विषय के प्रति रूचि बढ़ सकती है।

### इनकी लिखी किताबें पढ़ रहे हैं विद्यार्थी

विज्ञान शिक्षक सत्यपाल सिंह अपनी कर्तव्यनिष्ठा व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की बदौलत वर्ष 2021 में राज्य शिक्षक पुरस्कार व 2022 में प्रोफेसर सीएनआर राव एजुकेशन फाउंडेशन सर्वश्रेष्ठ विज्ञान शिक्षक पुरस्कार से नवाजे जा चुके हैं। साथ ही लंदन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में भी इनका एक विज्ञान आधारित आलेख प्रकाशित हो चुका है। इनकी लिखी किताबें कक्षा तीसरी, चौथी एवं पांचवीं की झरोखा ईवीएस प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। वहीं, कक्षा छठीं से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान मॉड्यूल की किताबें लिखीं, जो विद्यार्थियों के साथ अध्यापकों के लिए लाभदायक सिद्ध हुई हैं।

### अपने खर्चे पर तैयार की प्रयोगशाला

सत्यपाल का कहना है कि विज्ञान की पढ़ाई के लिए अच्छी लैब का होना बहुत ज़रूरी है। इसलिए अपने पांच ट्रांसफर के दौरान पांच स्कूलों में शून्य लागत व कम खर्चे पर लैब तैयार की। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डहीना में कार्यरत रहते हुए अपने खर्चे पर पेंट, ब्रश का प्रयोग करके स्वयं चित्र बनाकर विज्ञान एवं गणित की प्रयोगशाला तैयार की। इसके अतिरिक्त 10 बार राज्य स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में व राष्ट्रीय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में स्टूडेंट के साथ सहभागिता कर चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में 45 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय साधन एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए चयन हुआ है।



## राज्य शिक्षक पुरस्कार

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य शिक्षक पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 69 शिक्षकों को सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ राज्यपाल द्वारा देश के पूर्व राष्ट्रपति स्व. डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया।

### शिक्षा से मानव मस्तिष्क का विकास

समारोह में स्कूल शिक्षा विभाग तथा यूनिसेफ द्वारा पासपोर्ट टू अर्निंग (पी2ई) फॉर स्कूल्स लर्निंग लिटरेसी कार्यक्रम का ब्रॉशर भी राज्यपाल द्वारा लांच किया गया। समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि आदर्श शिक्षक तथा देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक प्रख्यात शिक्षाविद, आदर्श शिक्षक और महान दार्शनिक थे। डा. राधाकृष्णन ने 40 वर्ष एक शिक्षक के रूप में देश की सेवा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का विकास व सदुपयोग किया जा सकता है। जहां कहीं से भी कुछ सीखने को मिले उसे अपने जीवन में उतार लेना चाहिए।

हरियाणा सरकार का प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। इसी दिशा में सरकार द्वारा प्रदेश में 1,125 विशेष प्रशिक्षण केंद्र खोले गए हैं जिनमें 28,139 आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन को छह महीनों का विशेष प्रशिक्षण देकर सामान्य स्कूलों में प्रवेश दिलाने की दिशा में काफी अच्छी कोशिश की गई है। ऐसे बच्चों के लिए 'कदम' नामक अध्ययन सामग्री की विशेष टूल किट बनाई गई है। उन्होंने समारोह में नई शिक्षा नीति की भी सराहना की।



इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी की दिसंबर 2023 की परीक्षाओं का ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म ignou.ac.in पर जमा कर सकते हैं। यह पोर्टल 30 सितंबर सायं 6 बजे तक खुला रहेगा।



राज्य सरकार अनुसूचित जाति श्रेणी के लिए ग्रुप ए और बी पदों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण नीति लागू करेगी। इसका उद्देश्य उच्च-स्तरीय सरकारी पदों पर आरक्षित श्रेणियों के लिए पदोन्नति के अवसरों को बढ़ाना है।

# जन संवाद

## मौके पर सुनवाई और तुरंत समाधान







संगीता शर्मा

सरकार आपके द्वार की परिकल्पना पर शुरू किए गए जन संवाद कार्यक्रम ग्रामीणों में आशा की नई किरण बन रहे हैं। कार्य मों में जहां एक ओर वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्र बुजुर्गों को पेंशन बनने का तोहफ़ा मिल रहा है, तो दूसरी ओर ज़रूरतमंद नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो रहा है। लोगों के दिलों में जन संवाद कार्यक्रमों की एक विशेष पहचान बनती जा रही है, क्योंकि लोगों को अपनी बात सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का एक सुनहरा अवसर मिलता है। जनसंवाद की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिन गांवों में यह संवाद आयोजित होते हैं, उस गांव के अलावा साथ लगते गांव के निवासी भी मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखने पहुंच जाते हैं।

हांसी विधानसभा के गांव कुलाना में जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नहरों पर पानी चोरी करने वालों पर सख़्ती बरतने के आदेश देते हुए सिंचाई व पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि पानी चोरी करने वालों को किसी सूरत में बख़्शा नहीं जाए। मुख्यमंत्री ने बीड माइनर की पटरी को पक्का बनाने के साथ ही पेट्रोलिंग बढ़ाने के भी आदेश दिए।

### महिलाओं की मौके पर बनाई पेंशन

मनोहर लाल ने कहा कि सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए परिवार पहचान पत्र से योजनाओं को जोड़ा है, जिससे काम में पारदर्शिता और सरलता आई है। कुलाना में परिवार पहचान पत्र से स्वतः ही 60 वर्ष की उम्र का डेटा लेकर अभी 34 लोगों की पेंशन बनाई गई। मुख्यमंत्री ने कार्य म में पीपीपी में पात्रता आयु पूरी करने वाली सात महिलाओं की मौके पर ही पेंशन बनाकर पेंशन कार्ड वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत कुलाना में 1,496 कार्ड बन चुके हैं और 60 लोगों ने अपना ईलाज करवाकर 17 लाख रुपए का लाभ उठाया है।

### विकास ही सरकार का लक्ष्य

गांव ढाणा कलां में लोगों से सीधा संवाद कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गांवों के लिए चौकीदार व सफाईकर्मी जैसे स्वीकृत पदों हेतु वर्ष 2011 की जनसंख्या को आधार नहीं माना जाएगा, बल्कि परिवार पहचान पत्र डाटा में दर्ज 31 दिसंबर, 2022 तक की जनसंख्या मान्य होगी। गांवों में जनसंख्या के आधार पर इन पदों को स्वीकृत किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौके पर ही गांव के वृद्ध परमानंद, शांति देवी, रामकुमार, रतन व जगजीवन को उनकी वृद्धावस्था पेंशन शुरू होने संबंधी कार्ड मंच पर भेंट किये। मनोहर लाल ने गांव ढाणा कलां के विभिन्न विकास कार्यों की भी घोषणा की।

### मिर्जापुर से लगी 56 नौकरियां

गांव मिर्जापुर में मनोहर लाल ने कहा कि हम मुफ़्त में बांटने की बजाये लोगों को स्वाबलंबी बनाने पर जोर दे रहे हैं, ताकि नागरिक स्वाभिमान से अपना जीवनयापन कर सकें। उन्होंने कहा कि दस साल पहले की सरकारों द्वारा सरकारी नौकरियों के लिए शुरू की गई पर्ची व खर्ची की व्यवस्था को मौजूदा राज्य सरकार ने समाप्त कर दिया है। हमारी सरकार ने मिशन मैरिट पर चलते हुए युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं। गांव मिर्जापुर का आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि गांव में मेरिट के आधार पर 56 नौकरियां लगी है। इनमें से 15 नौकरी केंद्र सरकार की है। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों के लिए रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। गांव मिर्जापुर के 211 पात्र परिवारों ने इन मेलों में रोजगार के लिए आवेदन किया था, जिन में से 63 लोगों के ऋण मंजूर किए जा चुके हैं, शेष पर कार्रवाई की जा रही है। गांव मिर्जापुर के 44 लोगों की घर बैठे पेंशन बन गई है। आयुष्मान योजना का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष में गांव मिर्जापुर के 251 लोगों को इस योजना का लाभ मिला है और सरकार ने इन लोगों के उपचार पर एक करोड़ 10 लाख रुपए की राशि खर्च की है।

### निकाय क्षेत्र में खेतों के रास्ते पक्के होंगे

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि शहरी क्षेत्र में शामिल हुए गांवों के खेतों के रास्तों को पक्का करने के लिये प्रदेश स्तर पर योजना बनाई जाएगी। इस योजना से शहरी क्षेत्र में शामिल गांवों के खेतों के रास्ते को पक्का किया जाएगा ताकि किसानों को फसल लाने व ले जाने में सुविधा हो सके।

मनोहर लाल ने कहा कि सातरोड़ खास गांव जो अब नगर निगम, हिसार का हिस्सा है, इस गांव में अमृत योजना के तहत काम किया गया था। इस योजना के तहत जो काम शेष रह गए हैं उन्हें एक माह में शुरू करवाया जायेगा। इसके साथ ही गांव में समाधि स्थल का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। गांव में सामुदायिक केंद्र का निर्माण, चार करोड़ रुपए की लागत से गलियों का निर्माण, नई खेल स्टेडियम पॉलिसी के तहत स्टेडियम का निर्माण करने सहित व्यावहारिकता होने पर सब हेल्थ सेंटर को अपग्रेड किया जाएगा। सातरोड़ खास में आयुष्मान भारत योजना योजना के तहत 2,829 कार्ड बनाए गये हैं और 93 लोगों ने इस योजना का लाभ उठाकर 30 लाख रुपए का इलाज कराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राशन कार्ड का लाभ पात्र लाभार्थी को दिया हैं। प्रदेश में 12.50 लाख नये राशन कार्ड बनाये गए हैं। सातरोड़ खास में भी 833 नये राशन कार्ड बनाये गये हैं।

### आम लोगों को मिल रही सुविधा


मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के डेटा से ही नागरिकों की पेंशन 60 साल की आयु होने पर स्वतः बन रही है। बहबलपुर में भी 30 लोगों की पेंशन स्वतः ही बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि इस गांव में 599 नागरिक वृद्धावस्था, दिव्यांग और विधवा पेंशन प्राप्त कर रहे है। मनोहर लाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और राशन कार्ड में इस प्रणाली से पारदर्शिता आयी है। प्रदेश में 12.50 लाख नये राशन कार्ड बनाये गये है। गांव बहबलपुर में भी राशन कार्ड की संख्या 175 से बढ़कर 873 हो गई है। आयुष्मान भारत योजना के तहत इस गांव के 141 लोगों ने अपना इलाज करवाया है। सरकार ने उनके इलाज के 41 लाख रुपये की वहन किये है।

वर्तमान राज्य सरकार न्यूनतम सरकार-अधिकतम शासन के मंत्र के साथ प्रदेश में निरंतर विकास की नई परिभाषा लिख रही है। व्यवस्था परिवर्तन और सिस्टम में सुधार लाने के लिए तकनीक का सहारा लिया गया जिससे योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंच रहा है।

### खानपुर में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की घोषणा

नारनौंद विधानसभा के गांव गुराना में जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार के गांव खानपुर की 100 एकड़ भूमि पर पदमा योजना के तहत औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की घोषणा की। इस योजना के शुरू होने से खानपुर और आसपास के गांवों में एमएसएमई इकाइयों को बढ़ावा मिलेगा और बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। योजना के तहत गांव खानपुर की पंचायत 100 एकड़ भूमि देने का प्रस्ताव देगी।

मुख्यमंत्री ने गांव गुराना के लोगों की मांग पर गांव की तहसील को हांसी से बदल कर बरवाला करने और इस गांव का मार्केट कमेटी क्षेत्र भी बरवाला करने की घोषणा की। जनसंवाद कार्यक्रम में गांव के 10 बुजुर्गों की पेंशन बनाकर उन्हें कार्ड भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा की आयुष्मान भारत योजना के तहत ग़रीबों का पांच लाख तक का इलाज मुफ़्त करवाया जा रहा है। इस योजना के तहत गांव गुराना में 3,290 कार्ड बने है और 170 लोगों ने योजना के तहत 62 लाख रुपए का लाभ लिया है। मुख्यमंत्री ने गांव की दिव्या को जन्मदिन पर शुभकामना संदेश और उपहार भी भेंट किया।



हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों/पेंशनभोगियों को एलटीसी के एवज में एक महीने का वेतन दिए जाने के चार वर्ष के ब्लॉक ईयर को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। ब्लाक ईयर को बढ़ाकर 31 दिसंबर 2024 किया है।



हाई पावर लैंड परचेज कमेटी की बैठक में चरखी दादरी, फरीदाबाद, हिसार, जींद और सिरसा में छह परियोजनाओं हेतु भू-मालिकों की सहमति से 148 एकड़ भूमि की खरीद को मंजूरी दी गई। इस पर 96 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

# हरा-भरा हरियाणा,

## साइक्लोथॉन रैली के ज़रिए प्रदेशभर में जगाई अलख







विशेष प्रतिनिधि

हरियाणा प्रदेश से नशे की बुराई को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की विशेष पहल पर पूरे प्रदेश में साइक्लोथॉन रैली निकाली गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल का जोरदार स्वागत किया और शासन प्रशासन को हर लिहाज से सहयोग देने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मानना है कि युवाओं में अच्छे संस्कार होंगे तो समाज और तेजी से खुशहाल हो सकेगा। उनका प्रयास है कि समाज से हर उस बुराई को उखाड़ फेंका जाए जिससे युवाओं में अच्छे संस्कारों के विकसित होने में बाधा बनती हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभाओं का डंका बजा रहे हैं, वे चाहते हैं इस परंपरा को और समृद्ध किया जाए ताकि हर मामले में हरियाणा नंबर वन बन सके। इसलिए उन्होंने दृढ़ संकल्प लिया है कि समाज से नशे की बुराई को हर हाल में समाप्त किया जाएगा।

'उदय हरियाणा अभियान' के तहत दानवीर कर्ण की नगरी करनाल से साइक्लोथॉन रैली में हजारों युवाओं की भागीदारी से ड्रग फ्री हरियाणा का शानदार आगाज हुआ। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साइक्लोथॉन रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।





मुख्यमंत्री ने कहा कि दानवीर कर्ण की नगरी करनाल से नशे के खिलाफ़ एक बहुत बड़ी मुहिम की शुरुआत की जा रही है, जोकि प्रदेश के जिलों से होते हुए 25 सितंबर को सायं के समय करनाल में ही युवाओं की एक बहुत बड़ी रैली के साथ समाप्त होगी। 'ड्रग फ्री हरियाणा अभियान' के तहत निकाली जा रही साइक्लोथॉन रैली के संदेश की गूंज देश के कोने-कोने तक जाएगी और युवा पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रहेगा।

उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन रैली भी एक योगा है। इससे शरीर का संतुलन बनता है और शारीरिक विकास होता है। साइक्लोथॉन रैली में भाग लेने वाले युवाओं का मुख्यमंत्री ने उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा का युवा धाकड़ है। यहां के युवाओं ने खेलों के माध्यम से दुनिया में अपना सिक्का जमाया है और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक हासिल करके देश का गौरव बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा की बात करें तो सेनाओं में 10 से 11 प्रतिशत तक नौजवान हरियाणा के हैं, जोकि हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 3 की सफलता में भी युवाओं के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। यहां के युवा विज्ञान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहे हैं।

### पलवल में पुष्प वर्षा से स्वागत

पलवल में साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर महाराणा प्रताप भवन से जिला नूह के लिए रवाना करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को देश, प्रदेश और समाज के उत्थान व उन्नति के लिए बड़ा संबल बनना है। सरकार का पूर्ण प्रयास है कि हरियाणा हर प्रकार के नशे से मुक्त हो। नशा मुक्त हरियाणा की मुहिम से युवा पीढ़ी का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित होगा। यह साइक्लोथॉन यात्रा पूरे प्रदेश के हरेक जिला में जाकर जन-जन को नशे से दूर रहने का संदेश दे रही है। पलवल के महाराणा प्रताप भवन से नूह के लिए रवाना हुई साइक्लोथॉन यात्रा में स्कूली विद्यार्थियों सहित जिला के खिलाड़ियों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। जगह-जगह पर ग्रामीणों ने साइक्लोथॉन पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। भारत माता की जय-जयकार के जोरदार नारे लगाते हुए साइक्लोथॉन ने नशे के खिलाफ़ ज़ागरूकता का संदेश दिया।

### गुरुग्राम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

करनाल से शुरू हुई प्रदेश स्तरीय साइकिल रैली के गुरुग्राम आगमन पर शहर के सेक्टर-



उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बीपीएस महिला विश्वविद्यालय गोहाना के साउथ कैम्पस में पैरा मेडिकल कोर्सिज शुरु करवायेंगे। इसके लिए कुलपति को विशेष निर्देश दिए जाने की जानकारी दी।



हरियाणा सरकार ट्रांसजेंडर वर्ग के लोगों को सरकारी नौकरियों व शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण देने की शुरुआत करेगी। इस कड़ी में पिछड़ा आयोग श्रेणी के लोगों से सीधा संवाद कर सुझाव ले रहा है।

हरियाणा संवाद
पाक्षिक : 16 - 30 सितंबर, 2023



# नशामुक्त हरियाणा









14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। गुरुग्राम प्रशासन व सूचना, लोक संपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के समन्वय से कलाग्राम व हरियाणा कला परिषद के विशेष सहयोग से प्रख्यात कलाकारों ने दमदार प्रस्तुतियां देते हुए नशे के खिलाफ जोरदार अलख जगाने का प्रयास किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित की जा रही साइक्लोथॉन रैली निश्चित रूप से हरियाणा में नशा मुक्ति का एक बड़ा कारक बनेगी। केंद्रीय मंत्री ने हरियाणा की तुलना पंजाब से करते हुए कहा कि एक समय था जब सेना व खेल के क्षेत्र में पंजाब का दबदबा था लेकिन बॉर्डर स्टेट होने के कारण आज वहां का युवा नशे की चपेट में है। वहीं सेना व खेलों में वह स्थान अब हरियाणा की युवा शक्ति ने ले लिया है।

### सोनीपत में कलाकारों ने रंग जमाया

सोनीपत के एस.एम.हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि सांसद रमेश कौशिक ने नशे को जड़ से खत्म करने के लिए किये जा रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों की प्रशंसा की। जिला प्रशासन के संयोजन में सूचना, लोक संपर्क एवं भाषा विभाग तथा हरियाणा कला अकादमी के विशेष सहयोग से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें प्रख्यात कलाकारों के साथ विद्यार्थियों ने दमदार प्रस्तुतियां देते हुए नशे के खिलाफ़ जोरदार अलख जगाने का प्रयास किया। कलाकार सत्यवान सरोहा ने हरियाणवी गीत-'यो म्हारा हरियाणा, जित दूध-दही का खाणा' की दमदार प्रस्तुति से युवाओं को खेल-संस्कृति के महत्व से अवगत करवाया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा की छात्राओं व शिक्षिका ने नशे के खिलाफ़ गीतों के माध्यम से आवाज बुलंद की। उन्होंने संदेश दिया कि नशा जीवन को बर्बाद करता है, जिससे हमेशा दूर रहना चाहिए।

### 64 वर्षीय महिला का ज़ागरूकता अभियान

साइकिल रैली में एकमात्र महिला के रूप में 64 वर्षीय कमलेश राणा शामिल हैं। रोहतक निवासी कमलेश राणा ने नशा मुक्ति के लिए 2020 से साइकिल यात्रा की शुरुआत की थी। तब से अब तक वे लगातार इस प्रकार की मुहिम का हिस्सा बनती आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह गौरवपूर्ण अवसर है कि उन्हें प्रदेश स्तरीय नशा मुक्ति ज़ागरूकता रैली में शामिल किया गया है, जिसके लिए वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल की आभारी हैं। उनके साथ 64 वर्षीय सहदेव सिंह भी साइकिल रैली में शामिल होकर ज़ागरूकता का संदेश दे रहे हैं।

### युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश

साइक्लोथोन रैली में पानीपत से भी हजारों की संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश और देश नशा मुक्त तभी होगा जब युवा पीढ़ी ज़्यादा से ज़्यादा इस अभियान से जुड़े, क्योंकि युवा पीढ़ी ही हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने का जो अभियान चलाया है उससे युवाओं में नई जागृति पैदा होगी। नशा छोडक़र गीत खुशी के गाने होंगे जी। इस पंक्ति वाले हरियाणवी गीत व नृत्य के साथ रोहतकवासियों को नशे के विरुद्ध संकल्प लेने का संदेश दिया गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के राधाकृष्णन ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

### रोहतक-झज्जर के बीच जगह-जगह साइक्लोथॉन

साइक्लोथॉन रैली का रोहतक से झज्जर सीमा के बीच जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। नशे के खिलाफ़ संकल्प के जोरदार नारे भी लगाए गए। रोहतक के उपायुक्त अजय कुमार ने रोहतक में साइकिल रैली का नेतृत्व किया। उपायुक्त व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने रोहतक-झज्जर सीमा पर साइकिल यात्रा को आगामी गंतव्य के लिए झज्जर के उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन को सौंपा। इससे पहले रोहतक की पुलिस लाइन से चली इस साइकिल रैली का शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कलानौर स्थित सत जिंदा कल्याणा कॉलेज में साइकिल रैली का जोरदार स्वागत हुआ।

प्रत्येक व्यक्ति नशे से रहे दूर : महामंडलेश्वर

महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी ने अपने संदेश में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को नशे से दूर रहना चाहिए और अगर कोई इस ओर कदम बढ़ाता है, तो उसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने रोहतक पहुंचे साइकिल यात्रा में शामिल सभी साइकिल यात्रियों का स्वागत किया। इसी प्रकार से महंत करण पुरी ने भी उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया।



### बेरी में उमड़ा साइकिल रैली रूपी सैलाब

नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लिए साइक्लोथॉन रैली का झज्जर जिले की सीमा में प्रवेश करने पर उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष विक्रम कादियान के साथ बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। ढ़राणा से 90 वर्षीय महिला भरपाई देवी ने साइक्लोथॉन को बेरी ओर रवाना किया। युवाओं, महिलाओं और छात्रों ने पूरे जोश व


भरपाई देवी ने कहा कि नशा खत्म करना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने अच्छा काम किया है। नशा करने वालों और नशे की सामग्री बेचने वालों को भी सख़्त सजा मिलनी चाहिए। वहीं, भरत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच अच्छी और कार्य भी अच्छा कर रहे हैं। नशा मुक्त अभियान अच्छी पहल है। इसमें सभी लोगों को साथ आना चाहिए तभी नशा मुक्त हरियाणा होगा।

### नशे की बुराई को उखाड़ने का संदेश

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने ड्रग्स फ्री हरियाणा के संकल्प के साथ सेक्टर 4-7 के चौक से साइक्लोथॉन रैली को हरी झंडी दिखाकर पलवल जिला के लिए रवाना किया। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व नगरवासी सेक्टर 4-7 के चौक पर एकत्रित हुए और रंगोली व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के ज़रिए नशे से बचाव के प्रति ज़ागरूकता की मुहिम में शामिल हुए। इस अवसर पर गुरुग्राम के उपायुक्त ने भी साइक्लोथॉन में शामिल प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। उपायुक्त ने कहा कि साइक्लोथॉन को लेकर गुरुग्राम के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। यह साइकिल रैली हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के संदेश के साथ चल रही है। गुरुग्राम व रेवाड़ी में भी बड़ी संख्या में युवाओं ने रैली में भाग लिया।



सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा जिलों में लोक कलाकार मंडलियों तथा एकल लोक कलाकारों को सूचीबद्ध आधार पर रखने के लिए 20 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।



हरियाणा सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रत्येक परियोजना के लिए 75,000 से 1,00,000, रुपए तक की धनराशि निर्धारित होगी।

# लाल डोरा मुक्त योजना से बढ़ा विश्वास

## » पहचान पत्रों से जोड़ी गई प्रॉपर्टी आईडी

मनोज प्रभाकर



प्रदेश के सभी गांवों को लाल डोरा मुक्त किया जा चुका है। प्रदेश में अब तक 6,260 गांवों में 25 लाख 17 हजार 266 प्रॉपर्टी कार्डों को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से 24 लाख 51 हजार 613 कार्ड मालिकों को दिए भी दिए गए हैं तथा परिवार पहचान पत्रों से जोड़े जा चुके हैं। यही नहीं अब तक 3,613 गांवों की 4 लाख 62 हजार सम्पत्तियों की रजिस्ट्री की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के दौरान अपने चुनावी घोषणा पत्र में गाँवों में लाल डोरे के अन्दर की प्रापर्टी का मालिकाना हक प्रॉपर्टी रिकॉर्ड में दर्ज कराने का वायदा किया था। 27 अक्तूबर 2019 को जनसेवा का दायित्व पुनः संभाला और इसके 3 मास बाद ही 25 दिसम्बर को इस वायदे को पूरा कर दिया। राज्य सरकार ने गांवों को लाल डोरा मुक्त करने की योजना का शुभारंभ 25 दिसम्बर, 2019 को सुशासन दिवस पर किया था। इसके एक माह बाद 26 जनवरी, 2020 को गणतंत्र दिवस पर जिला करनाल का गांव सिरसी पहला लाल डोरा मुक्त गांव बना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के लिए यह बड़े गर्व और गौरव की बात है कि हमारी इस योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल, 2020 को पूरे देश में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के नाम से लागू किया। उस दिन प्रधानमंत्री के कर कमलों से पहली रजिस्ट्री प्राप्त करने का सौभाग्य हरियाणा के सिरसी गावं के ही नागरिक को मिला था।

### रजिस्ट्री की लागत मात्र 183 रुपए

मुख्यमंत्री ने संवाद के दौरान रजिस्ट्री पाने वाले जिन 13 लोगों से बातचीत की उनमें भिवानी से श्री रंजीत, फरीदाबाद से दीप चंद, गुरुग्राम से सतीश, अंबाला से चमन लाल शर्मा, फतेहाबाद से जगत पाल, यमुनानगर से राजेश, हिसार से बलवान, सोनीपत से श्री बिजेन्द्र कुमार, झज्जर से नरेन्द्र कुमार, महेन्द्रगढ़ से रण सिंह, पलवल से सिंहराज, कैथल से मलकीत सिंह और पानीपत से श्री अनिल शामिल हैं।

रजिस्ट्री मिलने पर लोगों में खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। उत्साहित लोगों में से कोई कह रहा था कि आज हम सही मायने में गांव के वासिंदे बने हैं, क्योंकि अब तक तो हम अपने बुर्जुगों के नाम कहे जाने वाली ज़मीन पर बैठे थे और अब मात्र 183 रुपए में रजिस्ट्री पाकर हम सही मायने में ज़मीन के मालिक बने हैं।

लाल डोरे के अंतर्गत पहले गांव में किसी प्रकार की संपत्ति का राजस्व रिकार्ड नहीं हुआ करता। मकान या प्लॉट की खरीद व बिक्री के समय रजिस्ट्री नहीं होती। ऐसी संपत्ति पर बैंक से ऋण भी नहीं मिलता। मालिकाना हक पर भी झगड़े होते रहते थे। इसलिए प्रदेशभर के ग्रामीण लंबे समय से गांवों को लाल डोरा मुक्त करने की मांग करते आ रहे थे। मनोहर सरकार ने गांवों के लोगों की इन समस्याओं को समझा और इनको समाप्त करने के लिए गांवों को लाल डोरा मुक्त करने का बीड़ा उठाया। आज प्रदेश के सभी गांवों को लाल डोरा मुक्त किया जा चुका है।

इस काम के लिए हर गांव में ग्रामीण और आबादीदेह क्षेत्र का फील्ड वेरिफिकेशन का कार्य किया गया और लाल डोरा के भीतर की हर सम्पत्ति का मानचित्रण किया गया। इसके बाद प्रत्येक सम्पत्ति को विशिष्ट पहचान दी गई है। अब लाल डोरे के अंदर की भूमि व संपत्ति का रिकॉर्ड सही रहेगा, जिससे मालिकाना हक के संबंध में विवाद भी नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति गली या पंचायत की अन्य ज़मीन को दबा नहीं पाएगा।

### ज़मीन की फ़र्द ऑनलाइन

मनोहर लाल ने कहा कि गांवों के लाल डोरे को खत्म करने के अलावा भी हमने जमीन के रिकार्ड के आधुनिकीकरण के लिए कई नए कदम उठाए हैं। हाल ही में राज्य सरकार ने जमीन की फ़र्द को भी ऑनलाइन किया है। अब फर्द लेने के लिए किसी को भी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते।

### जमीनों की जबरन अधिग्रहण प्रथा समाप्त

राज्य सरकार ने सार्वजनिक विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों के जबरन अधिग्रहण की प्रथा को समाप्त किया है। इस दिशा में ई-भूमि वैब पोर्टल शुरू किया गया है, जिस पर किसान विकास परियोजनाओं के लिए अपनी जमीन स्वेच्छा से दे सकता है। इसका उद्देश्य राज्य में विकास परियोजनाओं के लिए स्थल निर्धारित करते समय निर्णय लेने में भू-मालिकों को शामिल करना है अब तक ई-भूमि वैब पोर्टल पर लगभग 10,000 किसानों ने अपनी लगभग 26 हजार एकड़ भूमि का पंजीकरण करवाया गया है।

-मनोहर लाल

### रिमांड को खत्म किया

भूमि विवादों के शीघ्र निपटान के लिए रिमांड को खत्म किया गया है। यह प्रथा विवादों के शीघ्र निपटान में बड़ी बाधा थी और भ्रष्टाचार की भी जननी थी। इसके चलते भूमि विवाद पर कई पीढ़ियों तक फैसला नहीं होता था।

### ई-पंजीकरण प्रणाली

लोगों को रजिस्ट्री करवाने अथवा तहसील के अन्य कार्यों के लिए इंतजार न करना पड़े तथा कार्यालयों के बार-बार चक्कर न काटने पड़ें, यह सुनिश्चित करने के लिए हमने ई-पंजीकरण प्रणाली शुरू की गई है। इसके अंतर्गत सम्पत्ति की रजिस्ट्री के लिए कोई भी व्यक्ति पहले ही अपॉइंटमेंट ले सकता है। ई रजिस्ट्रेशन प्रणाली राज्य की सभी तहसीलों व उप-तहसीलों में 3 फरवरी, 2015 से शुरू की गई।

### ग्राम सचिवालय

प्रदेश में आईटी युक्त ग्राम सचिवालय योजना के अंतर्गत अब तक 1,856 ग्राम सचिवालयों की स्थापना की जा चुकी है। सभी विभागों के ग्राम स्तरीय अधिकारी / कर्मचारी इस सचिवालय में बैठते हैं ताकि लोगों के सभी सरकारी कार्य एक ही परिसर में हो सकें। इसी प्रकार, राज्य के 6,188 गांवों में इंटरनेट कनैक्टिीविटी बढ़ाने के लिए आप्टिकल फाइबर केवल बिछाई जा चुकी है और 5,953 ग्राम पंचायतों में वाई-फाई हॉटस्पॉट लगाए जा चुके हैं।

ग्राम दर्शन पोर्टल का 2 अक्तूबर, 2020 को शुभारम्भ किया है इस पोर्टल पर राज्य की 6,197 ग्राम पंचायतों का संपूर्ण डाटा उपलब्ध है और हर गांव की पूर्ण हो चुकी विकास परियोजनाओं की जानकारी व पंचायत में करवाए जाने वाले आवश्यक कार्यों की सूची भी मौजूद है।



# सेहत की देखभाल के लिए घर- घर जाएगा स्वास्थ्य विभाग



स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा द्वारा एक सितंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जाने वाला 'आयुष्मान भव विशेष अभियान' नागरिकों के लिए सभी स्वास्थ्य सेवाओं का आधार होगा। चार माह तक चलने वाले अभियान से हर घर तक पहुंच कर सभी लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल किया जाएगा।

अभियान के तहत आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभाएं, आयुष्मान मेले, आंगनवाड़ी और सरकारी स्कूलों के सभी बच्चों की स्क्रीनिंग, आयुष्मान ग्राम पंचायत व सेवा पखवाड़ा सहित 7 मुख्य स्वास्थ्य विषयों पर विभाग के पदाधिकारी नागरिकों तक पहुंचेगे और उनका जीवन निरोगी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

'आयुष्मान आपके द्वार' के तहत गांव, खण्ड एवं जिला स्तर पर आयुष्मान भारत चिरायु स्कीम के 1.80 लाख रुपए तक आय वाले परिवारों के निःशुल्क तथा तीन लाख रुपए तक की आय वाले परिवारों से 1,500 रुपए प्रति परिवार प्रति वर्ष लेकर लगभग आठ लाख नागरिकों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जाएंगे। इसके अलावा गांव स्तर पर लोगों को ज़ागरूक करने के लिए ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें स्वास्थ्य, सफाई और पोषण बारे विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों पर हर सप्ताह शनिवार व रविवार को आयुष्मान मेले लगाए जाएगें। इनमें मधुमेह, बीपी, कैंसर, मुंह, सरवाईकल, तपेदिक, कुष्ठ रोग, संक्रामक रोग, मातृत्व एवं बाल स्वास्थ्य, प्रतिरक्षण, आंखों की जांच जैसे स्वास्थ्य कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा मेडिकल कॉलेजों द्वारा भी हर सप्ताह सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान मेले लगाए जाएंगे।

आंगनवाड़ी और सरकारी स्कूलों के जन्म से 18 साल तक के सभी बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इसके अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत व वार्ड पंचायत में पांच साल से ऊपर के योग्य व्यक्तियों के 'आयुष्मान कार्ड' व 'आभा आईडी' बनाई जाएगी तथा टीबी और गर्भवती महिलाओं एवं योग्य बच्चों के प्रतिरक्षण का कार्य किया जाएगा।

### स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टर तैनात

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने विधानसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। 941 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए गये थे, जिनमें से 808 चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कार्यग्रहण कर लिया गया।

उनके अलावा 25 डॉक्टरों को और नियुक्ति पत्र दिए गए हैं जो पदभार ग्रहण करेंगे। वर्तमान में राज्य के स्वास्थ्य विभाग में 3,073 मेडिकल ऑफिसर कार्यरत हैं जबकि 3,903 स्वीकृत पद हैं। इसके अतिरिक्त 167 डॉक्टर नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा लिए गए हैं।

एमबीबीएस डॉक्टरों के लिए सरकार ने स्पेशल कैडर बनाने का निर्णय लिया है जिसके तहत इनके अलग सर्विस रूल बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा चिकित्सा सेवा को उपलब्ध करवाने के लिए डिमांड आधारित नहीं, बल्कि ज़रूरत अनुसार मैपिंग का कार्य किया जा रहा है।

### नई परियोजनाएं

विज ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल, कुरुक्षेत्र में 100-100 बिस्तर के दो नए ब्लॉक का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण में पहले ही एक 100 बिस्तरीय ब्लॉक का निर्माण हो चुका है, जिसे सपुर्द किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि 631.98 करोड़ रुपए की लागत से 153 स्वास्थ्य भवन बनाए गए हैं जिनमे 55 सब हेल्थ सेंटर, 48 प्राथमिक हेल्थ सेंटर, 33 सीएचसी और 17 अस्पताल शामिल है। पुराने समय की 162 पीएचसी को चिह्नित किया गया है जिन्हें दोबारा से नया बनाया जायेगा। इस बारे में कार्यकारी एजेंसी को कार्य आरंभ करने के लिए उनके द्वारा एक महीने का समय दिया गया है । अनिल विज ने बताया कि नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज खोलने के लिए नई नीति बनाई गई है जिसके तहत कॉलेज में प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों को कॉलेज के 10 किलोमीटर के दायरे में 100 बिस्तर के एनएबीएच प्रमाणित अस्पताल में ट्रेनिंग लेनी होगी।



राज्य की सभी जेलों में कैदियों के लिए टेली मेडिसिन सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इसके अलावा कैदियों के लिए डाइट व्यवस्था बदलने के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की।




आबकारी एवं कराधान विभाग में कर संग्रह में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से अगस्त तक हरियाणा में 27,438 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रह किया गया।

# साढ़े 12 लाख नए राशन कार्ड बनाए

## विधानसभा के मानसून सत्र में सवाल जवाब



हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र 25 अगस्त से 29 अगस्त तक आयोजित किया गया। सदन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर सफल लैंडिंग होने से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत दुनिया का पहला देश बनने पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों को बधाई दी। मनोहर लाल ने अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीरज चोपड़ा द्वारा विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

### बीपीएल कार्डों के गलत आवंटन

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मानसून सत्र के दौरान वर्ष 2011 में कांग्रेस शासन के दौरान गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) कार्ड जारी करने में अनियमितताओं को उजागर करते हुए खुलासा किया कि कांग्रेस शासन के दौरान महंगे आवासों में रहने वाले व्यक्तियों को गलत तरीके से बीपीएल कार्ड आवंटित किए गए थे। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में परिवार पहचान पत्र के डेटा के माध्यम से जनवरी 2023 माह के दौरान साढ़े 12 लाख नये राशन कार्ड बनाये गए हैं। यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से लाभ ले रहा है, तो उनका नाम काटने का भी प्रावधान किया गया है।

### आरक्षण का दिया जाएगा लाभ

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्पष्ट किया कि स्थानीय निकायों में वार्डबंदी का कार्य हरियाणा राज्य पिछड़ा आयोग की सिफारिशों के अनुरूप किया जा रहा है। वार्डबंदी के लिए दो आधार माने गए हैं। निकायों में वार्डों की संख्या निमित करने के लिए फैमिली इनफॉर्मेशन डाटा रिपॉजिटरी या मतदाताओं की 140 प्रतिशतता अनुसार प्राप्त जनसंख्या, दोनों में से जो भी अधिक हो, को आधार माना जायेगा। इसके अलावा, वार्डों में जनसंख्या की भिन्नता को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया है। पंचायतों के बाद अब निकाय चुनावों में भी बीसी (ए) को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए स्वैच्छिक है। हालांकि, योजना के नियम व दिशा निर्देशों के अनुसार, वे जिन्होंने ऋण लिया हुआ है, वे इस योजना के तहत पंजीकृत होने की अंतिम तिथि से सात दिन पहले तक योजना का विकल्प चुनने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन सात दिन पहले तक यदि किसान, जिसने ऋण लिया है, उसने योजना से ऑप्ट-आउट नहीं किया है तो ऐसी स्थिति में ऋणी किसान का प्रीमियम काटा जाता है।

### आधारभूत ढांचा का विकास

सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि पानीपत-सफीदों-जींद सड़क का सुधार-कार्य स्वीकृत हो चुका है, जिसमें पानीपत-सफीदों भाग को चार मार्गीय करना तथा सफीदों-जीन्द भाग को 10 मीटर चौड़ा करना शामिल है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्य के लिए सीआरआईएफ योजना के तहत 30 मार्च 2023 को 184.44 करोड़ रुपए प्राप्त हो चुके हैं।

### मानसून सत्र ये बिल हुए प्रस्तुत

हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन तीन विधेयक प्रस्तुत किये गये। इनमें हरियाणा नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक व हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास तथा विनियमन (द्वितीय संशोधन) विधेयक शामिल हैं। सदन में इन विधेयकों पर विस्तार से चर्चा की गई। इनके अलावा हरियाणा माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, हरियाणा वाद्य (शोर-नियंत्रण) निरसन विधेयक, हरियाणा किशोर धूम्रपान निरसन विधेयक तथा सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण विधेयक, 2023 पर विस्तार से चर्चा गई।

### पदोन्नति में आरक्षण

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति श्रेणी के लिए ग्रुप ए और बी पदों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण नीति लागू करेगी। इस निर्णय का उद्देश्य उच्च-स्तरीय सरकारी पदों पर सभी आरक्षित श्रेणियों के लिए पदोन्नति के अवसरों को बढ़ाना है।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि नई आरक्षण प्रणाली पदोन्नति के सभी चरणों में आरक्षण का विस्तार करेगी, जिससे सभी स्तरों पर सरकारी नौकरियों में आरक्षित समुदायों के लिए निरंतर समर्थन और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। ग्रुप ए और बी पदों में आरक्षण लागू करने का राज्य सरकार का निर्णय अधिक न्यायसंगत और विविध प्रशासनिक ढांचे को बढ़ावा देने के प्रति उसके समर्पण को दर्शाता है।

### ग्रामीण चौकीदारों को मिलेगा 11,000 रुपए मानदेय

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर ग्रामीण चौकीदारों को तोहफा देने की घोषणा की। चौकीदारों को अब 11,000 रुपए मानदेय व 4,000 हजार रुपए वर्दी भत्ता तथा हर 5 साल बाद साइकिल मिलेगी। इसके अलावा चौकीदारों को 1,000 रुपए लाठी एवं बैटरी के लिए सालाना मिलेंगे।

मुख्यमंत्री कैथल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, चरखी दादरी, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, करनाल सहित राज्य भर से आए ग्रामीण चौकीदारों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रहे थे।

चौकीदारों को बढ़ा हुआ मानदेय अक्तूबर 2023 से लागू होगा और नवंबर के मानदेय में मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 18 से 45 वर्ष की आयु में किसी भी बीपीएल परिवार के सदस्य की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है तो सरकार की ओर से उसे पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता निशुल्क प्रदान की जा रही है। इसके अलावा 45 से 60 वर्ष की आयु वाले व्यक्तियों को अचानक मृत्यु पर तीन लाख रुपए की राशि दी जा रही है। ग्रामीण चौकीदारों को भी आकस्मिक मृत्यु होने पर पांच लाख रुपए की राशि का लाभ दिया जाएगा। ग्रामीण चौकीदारों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तर्ज पर सेवानिवृत्ति के दौरान एकमुश्त दो लाख रुपए का लाभ दिये जाने की योजना है।



# हरियाणा व हिमाचल के बीच होगा रास्तों का निर्माण

हरियाणा व हिमाचल की सीमाओं से लगते कई मार्गों का निर्माण किया जाएगा ताकि दोनों क्षेत्र के लोगों का आवागमन सहज हो सके।

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल व हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना के बीच हाल ही में इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई।

हिमाचल के मुख्य सचिव अपने कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्य सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्य सचिव कौशल ने कहा कि हरियाणा में पड़ने वाले तीन सम्पर्क मार्गों की मरम्मत का कार्य जल्द किया जाएगा। मोरनी से वाया बड़याल निम्बवाला से हिमाचल की ओर जाने वाले मार्ग पर पुल का निर्माण हो गया है। इसके अलावा मारकण्डा नदी पर कालाअम्ब-बराड़ा शाहबाद सड़क पर एचएल ब्रिज तथा रूण नदी पर टोका नारायणगढ़ सड़क पर डेरा झिरीवाला ब्रिज का निर्माण भी किया जाएगा।

नवांनगर से शीतलपुर तक लगभग दो किलोमीटर लंबा कच्चा सड़क मार्ग का निर्माण, सवा किलोमीटर लंबा मेजर इंडस्ट्रीय सड़क मढावला बरोटीवाला तथा गुरू गोरखनाथ मन्दिर से झरमाजरी वाया शाहपुर सड़क को वाहन चलने योग्य बनाया जाएगा। इसके अलावा खुडा लोहरा, प्रेम नगर कोना रोड़ तथा कालुझण्डा से कालका को जोड़ने वाले सड़क बारे भी विचार-विमर्श किया गया।

इण्डस्ट्री एरिया बद्दी से आने वाले वेस्ट के लिए सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट लगाने बारे भी विचार किया गया। इसके आसपास बार्डर पर कई कबाड़ी वाले अवैध कब्जे करके स्क्रेप को जलाने का कार्य कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में प्रदूषण फैलता है। चंडीगढ़-बद्दी रेलवे लाईन के कार्य में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से क्लीयरेंस लेने में सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।



हरियाणा सरकार द्वारा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए 20 नवंबर, 2023 तक नामांकन आमंत्रित किये गए हैं। ये पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिये जायेंगे।



जींद को इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित करने की योजना रही है। इसके लिए राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत विकास निगम द्वारा गांव खटकड़ में भूमि अधिग्रहण करने की योजना है।

# प्रगति का आधार, अच्छे संस्कार

जिस परिवार के बच्चों का लालन-पालन अच्छे संस्कारों में होता है उस परिवार का भविष्य उज्ज्वल होता है, प्रगति सुनिश्चित होती है। परिवार में इस प्रकार की संस्कृति का वातावरण बनाने के लिए कुछेक नियम कायदे आवश्यक होते हैं, जिनमें मेहनत, ईमानदारी, सच्चाई, पवित्रता, त्याग व सहनशीलता शामिल हैं। अब आप कहेंगे कि इसमें नई बात क्या है? यह तो सभी जानते हैं, गीता में भी यही सब लिखा बताया जाता है।

सही कहा, गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिया है उनका मूल आधार भी यही है। गीता में जो कहा गया है वह अटल सत्य है। उसमें जीवन जीने की कला है। जीवन को किस प्रकार सुखमय और समृद्ध बनाया जाए उसमें इस बात का भी उल्लेख किया गया है। बस ज़रूरत है गीता में निहित सुविचारों को जीवन में आत्मसात करने की। गीता बेशक हजारों वर्ष पूर्व बांची गई थी लेकिन उसकी प्रासंगिकता आज भी है और सदैव रहेगी। आज के समाज में यह और भी आवश्यक हो गई है।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि कृष्णा-कृष्णा का गुणगान करके कैंसर जैसे रोगों को भी दूर किया जा सकता है। इसके लिए मनुष्य को भगवान कृष्ण के भक्ति रस में डूबना होगा। इस भक्ति रस से ही पूरी मानव जाति का कल्याण संभव हो सकता है।



राज्यपाल दत्तात्रेय ज्योतिसर के पास इस्कॉन की तरफ़ से आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, विधायक सुभाष सुधा, इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल महाराज, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, इस्कॉन कुरुक्षेत्र के उपाध्यक्ष मोहन गोर चंद्र ने इस्कॉन की तरफ से तैयार की गई कुरुक्षेत्र टूरिज्म डॉट काम वेबसाइट के साथ-साथ कुरुक्षेत्र 48 धाम के टूरिज्म पैकेज ब्रॉशर का विमोचन किया। राज्यपाल ने इस्कॉन मंदिर का अवलोकन किया और जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना भी की है।

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की धरा पर ही अर्जुन का मोह तोड़ने के लिए गीता के उपदेश दिए थे। इन उपदेशों को अपने जीवन में धारण करने वाला व्यक्ति अपने मनुष्य जीवन को सफल बना सकता है।

## विकास के लिए अनिवार्य हैं अच्छे संस्कार : मनोहर लाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भौतिक निर्माण के साथ-साथ युवाओं में अच्छे संस्कार होने के महत्वपूर्ण विषय पर बल देते हुए कहा कि जीवन में भौतिक निर्माण के साथ-साथ मनुष्य में अच्छे संस्कारों का समावेश होना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में हमारा पूरा समाज जितना आगे बढ़ेगा, भारत देश उतनी ही तरक्की करेगा।

पंचकूला में आयोजित 'हमारे भारतीय संस्कारों का महत्व' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि संस्कारों से दृष्टिकोण बनता है और इस प्रकार के आयोजनों से संत समाज द्वारा युवाओं में अच्छे संस्कार उत्पन्न करने का वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को समाज मे अच्छे संस्कार मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हरियाणा के कुरुक्षेत्र में गीता का उपदेश एकमात्र ऐसा उदाहरण है जहां भगवान श्री कृष्ण युद्ध के मैदान में संस्कार की बात बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि गीता के सार को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। विदेश में भी करीब 12 देशों में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रम शुरू किए हैं ताकि गीता का संदेश विश्व के हर कोने तक पहुच सके।





## सुण छबीले बोल रसीले

## गांव में भी हों शिखर सम्मेलन

छबीले, दिल्ली में जी-20 का बोहत शोर सुणाई दिया। यो के मामला सै?

- भाई रसीले, दिल्ली में अमेरिका, इंग्लैंड, रूस, चीन और बड़े-बड़े देशां के नेता बुला राखे थे मोदी नै। याड़े उन ताहीं खिलाया-पिलाया, खातरदारी करी और कारोबार की बात करी। भारत में इस तरियां की पहली बार बैठक हुई जिसमें इतणे बड़े लेवल के माणस आए और उन ताहीं अभूतपूर्व इंतजाम हुए।

- हां भाई छबीले, मोदी स्याणा तो बोहत सै। घरां बुलाकै काम ले लिया। और फिर काम की गैल्यां दाम तो आपणे आप आजाया करैं। रोज़गार बढ़ैगा तो देश की आर्थिक स्थिति भी चौकस होवैगी।

- सारी बात सही सैं रसीले, पर मैरै एक बात बोहत पंसद आई। विदेशी मेहमान की खातिरदारी में मोदी नै कोई कमी ना छोड़ी। कमाल कर दिया। इसा प्रोग्राम तो कदे किसे देश में भी ना होया होगा।

- उसतैं बढ़िया बात छबीले, अक इस स्वागत में मोदी नै दिल्ली जमा नई दिल्ली बणा दी। इतणी साफ़-सुथरी अक विदेशी मेहमान देखते रहैगे। इतणा ए नहीं जो लोग दिल्ली में कदे तैं रहैं सैं, जिनका जन्म ही दिल्ली में होया सै, वे भी दिल्ली देखण खातिर रातों प्रगति मैदान के आस-पास घूमते दिखाई दिए। बड़े बुजुर्ग भी न्यू बोले अक आज ताहीं उननै इतणी सुथरी दिल्ली नहीं देखी थी। एक लुगाई तो न्यूए बोली अक उसनै आज गर्व होया सै अक वो दिल्ली में ब्याही आई।

- भाई, दिल्ली के बहुत से क्षेत्र में सफाई करा दी गई थी। सड़कां पै जो अवैध दुकान थी, रेहड़ी मार्केट थी या कोई भी आलतू-फालतू सौदा था सबकी सफाई करा दी थी। चौड़े-चौड़े मार्ग और सब कुछ टीप-टॉप। मेहमान तो चले जांगे, पर उड़ै रहण आल्यां की मौज होज्यागी, जै योए साफ़-सफाई बणी रही तो।

- रसीले आगली व्यवस्था राखण की जिम्मेदारी उड़े की सरकार की सै। पर बतावैं सै वो बढ़िया कोन्या। नहीं तो ये काम पहल्यां भी हो सकैं थे। सारी दिल्ली की सड़कां का बेड़ा गर्क होरया सै। ना कोई सिस्टम, भीड़ और जाम, आम ही आम।

- भाई छबीले, मैं तो न्यू कहूं सूं अक यो जी-20 की बैठक म्हारे गामां में भी होणी चाहिए। सारे अवैध कब्जे हटज्यां और साफ़-सफाई हो ज्या।

- यो काम गाम की सरकार का हो सै। सरपंची केवल चौधर खातर कोन्या होती, काम करवाण खातर भी होवै सै। ईब आपणे गाम में देख ले। पंचायती जमीनां पै कब्जे सैं, सारी गलियां में लांबे लांबे रैम्प बणा दिए, चौका में कब्जे, गलियां में डांगर बांधे सैं और बुगी, ट्राली वगैरहा भी खड़ी करैं सैं। जिनकी वजह तैं आण-जाण आल्यां का नुकसान होवै और साफ़-सफाई नाम की कोई चीज नहीं। ईब ये सारे काम कोई मंत्री-संतरी करवाण थोड़े आवैगा? डीसी खड़ा होकै ये काम करावैगा? काम तो सरपंच नै और पंचायत नै कराणे होंगे।



- भाई छबीले, सरपंच न्यू सोचकै घरां पड़्या रहै सै, अक वो क्यूं बुराई ले?

- रसीले, सरपंच काम खातर बणा था। जै बुराई तैं डर लागै था तो क्यूं इलैक्शन में पीपी धरै था? गाम राम नै सरपंच बणाया सै तो काम कराणे पड़ैंगे। लोगां की बुराई भलाई तैं डर लागै सै तो इस्तीफा दे देणा चाहिए। जै सारे सरपंच न्यू सोचते रहैंगे तो गाम का विकास क्यूकर होवैगा? जै सीएम और पीएम भी लोगां की बुराई-भलाई का हिसाब-किताब लगावैंगे तो हो लिया विकास। जी-20 तो फिर कितै और देश में होवैगा।

- सरपंच नै चाहिए गाम-राम की बैठक करै, और विकास की बात करै। कोई कड़ा फैसला लेणे की ज़रूरत हो तैं उस ताहीं हाथ जोड़ कै इज़ाजत ले और उस पर काम करै। और ज़रूरी हो तो प्रशासन तै बात करै, उसकी मदद ले। 'तीन दो पांच' की ना सोचकै काम की बात होणी चाहिए। पांच साल काम खातर मिले सैं, कोई टाइम पास करण खातर नहीं। जै सारे मिलकै काम करैंगे तो गाम में ए दिल्ली और अमेरिका सै।

- मोटा रौला तो यो सै रसीले, अक बहुत से चौधरी इधर-उधर के चक्करां में रहैं सैं। जै कुछ हाथ पल्लै ना लागता दिखता तो काम में कोई इन्टरेस्ट ना लेते। इन भले चौधरियां नै न्यू नहीं बेरा अक विधायक दादा गौतम के कहै था। न्यू कहै था अक लोगो इस ईमानदारी के राज में एमपी एमएलए के हाथ में कुछ कोन्या, सारे काम काबिलियत के आधार पै हों सैं।

- गाम के चौधरियां नै नेक नियती तैं काम कराणे चाहिएं। सेवा करण का मौका बार-बार नहीं मिलता। साफ सुथरा गाम होगा तो फेर चाहिए जी- 20 कराओ या टी- 20।

**-मनोज प्रभाकर**

## सोने चांदी सा उपहार है 'हिंदी'



मन के भावों को जो व्यक्त करा दे
ऐसी साहित्यिक रसधार है 'हिंदी'
छोटे बड़े अक्षरों का जो भेद मिटा दे
ऐसी समानता का अधिकार है 'हिंदी'
टूटे अक्षरों को सहारा जो दिला दे
ऐसी भाषाओं का हार है 'हिंदी'
सभी नदियों को सागर में मिला दे
ऐसा शब्दों का समाहार है 'हिंदी'
कवियों को जो गौरवान्वित कर दे
साहित्यिक ज्ञान का वो भंडार है 'हिंदी'
प्रकृति का जो विस्तार बता दे
ऐसी सुंदरता का सार है 'हिंदी'
शास्त्रों का जो ज्ञान दिला दे
संस्कृत का नव अवतार है 'हिंदी'
परमात्मा का जो दरश दिखा दे
ऐसी वात्सल्यता अपरंपार है 'हिंदी'
लोगों को जो नैतिकता सिखा दे
मर्यादाओं सी सुविचार है 'हिंदी'
आप-तुम में जो भेद बता दे
ऐसे संस्कारों का व्यवहार है 'हिंदी'
मानव को जो मानवता सिखा दे
उन संवेदनाओं का द्वार है 'हिंदी'
बिछड़े हुए को जो स्वयं से मिला दे
ऐसा सुखद प्यार है 'हिंदी'
नरेशों को जो गौरव महसूस कर दे
सोने चांदी सा उपहार है 'हिंदी'

**मृणालिनी घुले**

डॉ अमित अग्रवाल, भा.प्र.से. प्रबंध निदेशक, संवाद (सूचना जन संपर्क एवं भाषा विभाग) हरियाणा द्वारा हरियाणा सरकार के लिए कमरा नं. 314, दूसरी मंजिल, लघु सचिवालय, सेक्टर-1, पंचकूला से प्रकाशित।
कार्यालय : संवाद सोसायटी एससीओ 23, पहली मंजिल, सेक्टर 7, चंडीगढ़ फोन : 0172-2723814, 2723812 email : editorsamvad@gmail.com